Dept. of Hindi
Activity 2018-2019

Sr. No	Name of the Activity	Date	Organizing Agency
1	हिंदी दिवस समारोह	१४ सितम्बर, २०१८	हिंदी विभाग, रिज़वी महाविद्यालय, बांद्रा (प.)
2	अतिथि व्याख्यान	०८ अक्तूबर, २०१८	हिंदी विभाग, रिज़वी महाविद्यालय, बांद्रा (प.)
3	शैक्षिक एवं प्राकृतिक यात्रा	१५ दिसंबर, २०१८	हिंदी विभाग, रिज़वी महाविद्यालय, बांद्रा (प.)
4	ग्रंथालय को पुस्तक भेंट	०२ अक्तूबर, २०१८	हिंदी विभाग, रिज़वी महाविद्यालय, बांद्रा (प.)

हिंदी विभाग
(वार्षिक अहवाल सन 2018-19)

- हिंदी दिवस समारोह

रिज़वी एज्यूकेशन सोसाइटी के संस्थापक अध्यक्ष परम अदरणीय डॉ. अख़्तर हसन रिज़वी सर और हम सब की प्रेरणा स्थान और मार्गदर्शिका डाइरेक्टर ऍड रूबीना अख़्तर हसन रिज़वी मैम के सानिध्य में महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा १४ सितम्बर २०१८ को "हिंदी दिवस समारोह" बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया. जिसमें विशेष अतिथि के रूप में मुंबई विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रो. दत्ता मुरुमकर जी सादर आमंत्रित थे. महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. आरपी पॉल सर ने समारोह की अध्यक्षता की. समारोह की शुरुआत में अतिथि का सम्मान हुआ तदुपरांत मान्यवरों के हाथों हिंदी विभाग के छात्रों द्वारा बनाई गई भित्ति पत्रिका का विमोचन हुआ. विभाग के छात्रों ने हिंदी भाषा पर कवितायेँ और हिंदी भाषा और साहित्य पर अपना मंतव्य रखा. विशेष आमंत्रित अतिथि प्रो. दत्ता मुरुमकर जी ने सबसे पहले महाविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अख़्तर हसन रिज़वी और डाइरेक्टर ऍड रूबीना अख़्तर हसन रिज़वी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर हिंदी विभाग की प्रसंशा की और छात्रों को हिंदी पठन-पाठन करने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने हिंदी की दशा-दिशा को बताते हुए स्वतन्त्रता आंदोलन से लेकर वैश्विकीकरण - बाजारवाद में हिंदी की भूमिका और हिंदी में रोजगार के अवसर पर अपनी बात रखी. अध्यक्षीय समारोप में प्रभारी प्राचार्य प्रो. पॉल सर ने हिंदी दिवस की गरिमा को बरकरार रखते हुए हिंदी में अपनी बात कही. उन्होंने दक्षिण में हिंदी की स्थिति और हिंदी-उर्दू की एक रूपता पर सटीक टिप्पण किया. विभाग के अध्यापक डॉ. शेख अंसारपाशा ने समारोह का सूत्रसंचालन और कृतज्ञता ज्ञापन किया. हिंदी दिवस समारोह में महाविद्यालय के अध्यापक, हिंदी विभाग के छात्र तथा हिंदी प्रेमी भारी संख्या में उपस्थित थे.

रिज़वी एज्युकेशन सोसाइटी संचालित
रिज़वी कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय, बांद्रा (प.)
हिंदी विभाग
हिंदी दिवस समारोह
अध्यक्ष
आर.पी. पॉल
प्रमुख अतिथि

- **अतिथि व्याख्यान**

दिनांक 08 अक्तूबर, 2018 को आयोजित अतिथि व्याख्यान में प्रमुख अतिथि वक्ता के रूप में महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के प्रो. अनवर अहमद सिद्दीकी, प्रभारी विभागाध्यक्ष अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ की प्रमुख उपस्थिती थी। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. आरपी पॉल ने इस समारोह की अध्यक्षता की तो विशेष अतिथि के रूप में उपप्राचार्य प्रो. डॉ अशफाख खान सर उपस्थित थे।

"प्रयोजनमूलक हिंदी और अनुवाद" इस विषय पर बात करते हुये डॉ. सिद्दीकी सर ने छात्रों को बहुमूल्य मार्गदर्शन किया। छात्रों को हिंदी भाषा की वर्तमान स्थिति बताकर भारतीय भाषाओं का हिंदी से संबंध और उसमें अनुवाद की उपादेयता को विश्लेषित कर छात्रों के शंकाओं का निराकरन भी किया। उन्होने कहा रोजगार के कारण लोग अंग्रेजी के पीछे जा रहे हैं, मगर आज की स्थिति में हिंदी भी रोजगार के अनेकों द्वार खोल रही है। सभी सरकारी बैंकों तथा सभी प्रकार के केन्द्रीय कार्यालयों में हिंदी अधिकारी एवं हिंदी अनुवादक की जगह होती है। वैसे ही आईटी के क्षेत्र में भाषा वैज्ञानिक की आवश्यकता होती है, जो भाषिक नियमों को प्रोग्रामिंग के लिए बनाता है। फिल्म जगत में पटकथा लेखक के रूप में करियर कर सकते हैं, एक्टर, एंकर, विज्ञापन लेखक, गीतकार, कोमिंटेंटर, अनुवादक, लेखक आदि बनने के लिए एक बेहतर भाषा जिसमें आप सोच सकते हो, ऐसी भाषा का चयन करना आवश्यक होता है। उन्होने छात्रों को दक्षिण की भाषा के साथ ही एक विदेशी भाषा का अध्ययन करने का सुझाव भी दिया। इस समारोह का सूत्रसंचालन एवं आभार हिंदी के विभागाध्यक्ष डॉ. शेख अन्सारपाशा ने किया। इस समय महाविद्यालय के अध्यापक एवं छात्र भारी संख्या में उपस्थित थे।

- **शैक्षिक एवं प्राकृतिक यात्रा**

दिनांक १५ दिसंबर २०१८ को हिंदी विभाग के अध्यापक एवं छात्रों ने एक दिवसीय माथेरान की प्राकृतिक यात्रा की। प्रकृति के अद्भुत सौंदर्य छटा को अपनी आँखों के कैमरा में क़ैद किया गया। छात्रों को सीमेंट कोंक्रेट के जंगल से एक दिन के लिए ही क्यों न हो छुटकारा मिला। वहाँ से नई ताज़गी, नई उमंग अपने में भर के और प्रकृति की सदैव रक्षा करेंगे यह संकल्प करके छात्र एवं छात्राएँ घर लौटे।

शैक्षिक एवं प्राकृतिक यात्रा

दिनांक 15 दिसंबर 2018 को हिंदी विभाग के अध्यापक एवं छात्रों ने एक दिवसीय माथेरान की प्राकृतिक यात्रा की। प्रकृति के अद्भुत सौंदर्य छटा को अपनी आँखों के कैमरा में क़ैद किया गया। छात्रों को सीमेंट कोंक्रेट के जंगल से एक दिन के लिए ही क्यों न हो छुटकारा मिला। वहाँ से नई ताज़गी, नई उमंग अपने में भर के और प्रकृति की सदैव रक्षा करेंगे यह संकल्प करके छात्र एवं छात्राएँ घर लौटे।



गांधी जयंती के अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्ष द्वारा [illegible] महाविद्यालय के पुस्तकालय में महात्मा गांधी द्वारा लिखित 'सत्य के प्रयोग' आत्मकथा देते हुए ...